सीएम गहलोत देंगे हर राज्य कर्मचारियों को घर की सौगात

# राज्य के 11 शहरों में एक साथ आएगी 17 आवासीय योजनाएं

जलतेदीप विसं, जयपुर

राज्य के मुख्यमंत्री जल्द ही राजस्थान के सरकारी कर्मचारियों को एक बड़ी सौगात देने जा रहे है। सीएम अशोक गहलोत आने वाले दिनों में राजस्थान आवासन मण्डल के माध्यम से मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना की सौगात देने जा रहे है।राजस्थान आवासन मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए जयपुर के प्रतापनगर में बनेंगे 2 व 3 बीचएचके साइज के 624 फलैट्स मंडल द्वारा बनाए जाएंगे इसके साथ ही प्रदेश के 11 शहरों में 17 आवासीय योजनाए एक साथ लांच की जाएंगी।

- जयपुर के प्रताप नगर में बनेंगे 2 व 3 बीएचके साइज के 624 फलैट्स
- मंडल द्वारा प्रदेश के 11 शहरों में लॉच की जाएंगी 17 आवासीय योजनाएं
- इन आवासीय योजनाओं में सभी श्रेणी के कुल 11 हजार 250 आवास होंगे उपलब्ध
- आवासन मंडल के इतिहास में पहली बार होंगी इतनी योजनाएं एक साथ लॉच

## पहली बार बनेगा इतिहास

अरोड़ा ने बताया कि ऐसा इतिहास में पहली बार होगा जब आवासन मंडल एक साथ 17 आवासीय योजनाओं की लांचिंग करेगा। अरोड़ा ने बताया कि इन सभी योजनाओं में सभी श्रेणी के कुल 11 हजार 250 आवास बनाए जाएगें।इन योजनाओं की लांचिंग एक माह के अंदर मुख्यमंत्री के स्तर पर करवाई जायेगी। राजस्थान आवासन मंडल के 50 वर्ष के इतिहास में इतनी योजनाएं एक साथ कभी भी लांच नहीं की गई हैं। उन्होंने बताया कि मंडल द्वारा आगामी बोर्ड बैठक में इन योजनाओं को अनुमोदन करवाकर शीघ्र लांच किया जाएगा। इन आवासीय योजनाओं के माध्यम से आम लोगों को उचित कीमत पर आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

## इन स्थानों पर आएगी योजनाए

जयपुर के प्रतापनगर, सिरोही, वाटिका, महला, शाहपुरा, उदयपुर के दक्षिण विस्तार व देवारी, श्रीगंगानगर के सूरतगढ़, टोंक के निवाई, सिरोही के आबूरोड़, अजमेर के नसीराबाद, किशनगढ़ और डूंगरपुर व बांसवाड़ा में योजनाए लांच की जाएगी।

## यह होंगे दाम

आयुक्त अरोड़ा ने बताया कि इन आवासीय योजनाएं इस योजना में 10 लाख 90 हजार रूपये में 632 वर्गफीट में निर्मित 1 बीएचके फ्लैट, 15 लाख 70 हजार रूपये में 882 वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित 2 बीएचके फ्लैट और 21 लाख रूपये में 1097 वर्ग फीट में निर्मित 3 बीएचके फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे।

## इस वर्ग को मिलेंगा लाभ

इन योजनाओं में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग, अल्प आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग-अ, मध्यम आय वर्ग-ब व उच्च आय वर्ग के लिए कुल 11 हजार 250 आवास उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत देय लाभ भी प्रदान किए जाएंगे।

## 10 प्रतिशत में मिलेगा गृह प्रवेश

इन आवास योजनाओ में कुल राशि की केवल 10 प्रतिशत राशि देते ही गृह प्रवेश मिल जाएगा साथ ही सबसे विशेष बात इन योजनाओं की यह होगी कि इन आवासीय योजनाओ में की राशि की किश्तों पर नहीं लगेगा जीएसटी नही लगेगा।अरोड़ा ने बताया कि 10 प्रतिशत दीजिये गृह प्रवेश कीजिये योजना में किश्तों पर जीएसटी लगने के संबंध में भ्रम की स्थिति थी। आयुक्त ने स्पष्ट किया की इस संबंध में जीएसटी विशेषज्ञों से चर्चा कर ली गई है, यह चूंकि पूर्ण निर्मित मकान है इसलिये जीएसटी न तो किश्तों पर और न ही ईएमडी पर लगेगा, अब यह मकान आमजन को और भी सस्ते उपलब्ध होंगे।

स्वतत्वाधिकारी मैसर्स जलतेदीप (जयपुर) की ओर से मुद्रक, प्रकाशक पद